आदर्श प्रश्न पत्र

विषय – हिन्दी

कक्षा – दसवीं

निर्धारित अवधि :– 3.00 घण्टे 　　　　　　　　　　　　　　　　अधिकतम अंकः– 80

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**विशेष निर्देशः**

( i ) अपनी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के बाईं ओर दिए गए सीरीज बॉक्स व OMR में दिए गए सीरीज कॉलम में प्रश्न –पत्र सीरीज अवश्य लिखें और संबंधित गोले को भरें।

( ii ) प्रश्नों' के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न –पत्र पर दर्शायी गई है, उत्तरपुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।

( iii ) अपनी उत्तर पुस्तिका में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़ें।

( iv ) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

( v ) सफाई (लिखाई / सुलेख) का विशेष ध्यान रखें।

( vi ) **खण्ड–क** : प्रश्न संख्या 1 से 16 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। खण्ड–क के सभी प्रश्नों' के उत्तर, उत्तर पुस्तिका की OMR शीट पर ही दें।

**खण्ड–'क' बहुविकल्पीय प्रश्न** 　　　　　　**(16X 1=16)**

1. भाषा की सबसे छोटी इकाई कौन सी है?

   (A) शब्द 　(B) व्यंजन 　(C) स्वर 　(D) वर्ण

2. 'च, छ, ज, झ, ञ' वर्णों का उच्चारण स्थान क्या है?

   (A) कंठ 　(B) तालू 　(C) मूर्धा 　(D) दंत

3. हिन्दी वर्णमाला में लघु स्वर कितने हैं?

   (A) 4 　(B) 7 　(C) 11 　(D) 13

4. ''अ +. इ = ए'' यह सन्धि नियम किस शब्द में लागू होता है?

   (A) देवालय 　(B) सदैव 　(C) यद्यपि 　(D) महेंद्र

5. ''आशीर्वाद'' शब्द में 'रेफ' मात्रा वाला सही शब्द कौन सा है?

   (A) आशीवार्द 　(B) आर्शीवाद 　(C) आशीर्वाद 　(D) आशर्वाद

6. कथन (A)– जब तक कोई शब्द स्वतंत्र होता है ;वाक्य से बाहर होता है, तब तक उसे 'शब्द' कहा जाता है।

   कारण (R)– वाक्य में प्रयुक्त होने के बाद शब्द का व्याकरणिक परिचय बदल जाता है और वह 'पद' बन जाता है।

   (A) A और R दोनों सही हैं, और A, R की सही व्याख्या करता है।

   (B) A और R दोनो सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

   (C) A सही है, लेकिन R गलत है।

   (D) A गलत है, लेकिन R सही है।

7. निम्नलिखित में योगरूढ़ शब्द है–

   (A) विद्यालय 　(B) नीरज 　(C) लड़का 　(D) आम

8. कथन (A)– गीता मधुर गीत गाती है। इस वाक्य में मधुर विशेषण है।

   कारण (R)– मधुर का विशेष्य गीत है।

   (A) कथन और कारण दोनों सही है।

   (B) कथन और कारण दोनों असत्य है।

   (C) कथन सत्य है और कारण असत्य है।

   (D) कथन असत्य है किन्तु कारण सत्य है।

9. यदि किसी समस्त पद का पहला पद संख्यावाची हो और वह समूह का बोध कराए, उसे क्या कहेंगे?

(A) द्वन्द्व समास (B) द्विगु समास (C) तत्पुरुष समास (D) कर्मधारय समास

10. किस वाक्य में अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?

(A) राम आम खाता है। (B) वह पुस्तक पढ़ रहा है।

(C) बच्चा सो रहा है। (D) मैंने पत्र लिखा।

11. ''यह दृश्य बहुत सुन्दर है।'' इस वाक्य को विस्मयादि बोधक में कैसे बदलेंगे?

(A) क्या यह दृश्य बहुत सुन्दर है? (B) यह दृश्य सुन्दर नहीं है।

(C) वाह! कितना सुन्दर दृश्य है। (D) यदि यह दृश्य सुन्दर होता।

12. ''सूरज निकल आया और पक्षी चहचहाने लगे।'' रचना के आधार पर वाक्य भेद हैः–

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य (C) मिश्र वाक्य (D) उपवाक्य

13. ''गरीब माँ–बाप अपना ____________ कर बच्चों को पढ़ाते हैं।'' इस रिक्त स्थान में कौन सा मुहावरा भरें कि वाक्य पूरा हो जाए?

(A) गला काटकर (B) खून बहाकर (C) पेट काटकर (D) मन लगाकर

14. लेखिका मन्नु भण्डारी का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) गुजरात (B) मध्यप्रदेश (C) उत्तर प्रदेश (D) इनमें से कोई नहीं।

15. 'दन्तुरित मुस्कान' कविता में कवि ने बच्चे की मुस्कान की तुलना किससे की है?

(A) चाँद से (B) फूलों से (C) तालाब में खिले कमल से (D) मोती से

16. ''माता का अंचल'' कहानी में 'साँप से डरकर' बच्चे का माँ के आँचल में छिपना यह सिद्ध करता है किः

(A) पिता बच्चो से प्यार नहीं करते (B) माँ का प्रेम ही एक मात्र सुरक्षा कवच है

(C) बच्चों साहसी नहीं होते (D) माँ को साँप से डर नहीं लगता।

## खण्ड–ख' अपठित अवबोधन (**8**x1=**8**)

17. निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नो में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर लिखें–

हिन्दी अपना भविष्य किसी से दान में नहीं चाहती। वह तो उसकी गति का स्वाभाविक परिणाम होना चाहिए। जिस नियम से नदी – नदी की गति रोकने के लिए शिला नहीं बन सकती, उसी प्रकार हिन्दी भी किसी सहयोगिनी का मार्ग अवरूद्ध नहीं कर सकती। यह आकस्मिक संयोग न होकर भारतीय आत्मा की सहज चेतना ही है, जिसके कारण हिन्दी के भावी कर्तव्य को जिन्होंने पहले पहचाना, वे हिन्दी भाषी नहीं थे। राजा राममोहन राय से महात्मा गाँधी तक प्रत्येक सुधारक, साहित्यकार, धर्म–संस्थापक और चिन्तक हिन्दी के जिस उत्तरदायित्व की ओर संकेत करता आ रहा है, उसे नतशिर स्वीकार कर लेने पर ही हिन्दी लक्ष्य तक नहीं पहुँच जाएगी, क्योंकि स्वीकृति मात्र न गति है न गन्तव्य। वस्तुतः सम्पूर्ण भारत संघ को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए उसे दोहरे संबल की आवश्यकता है। एक तो आंतरिक जो मन के द्वारों को उन्मुक्त कर सके और दूसरा बाह्य जो आकार संबल से परिचित बना सके। अन्य प्रदेशों के लोक ह्रदय के लिए तो वह अपरिचित नहीं है, क्योंकि दीर्घ काल से संत साधकों की मर्म वाणी ही नहीं हाट–बाजार की व्यवहार बोली के रूप में भी देश का कोना–कोना घूम चुकी है। यदि आज उसे अन्य प्रदेशों से अविश्वास मिले तो उसका वर्तमान खंडित और अतीत मिथ्य हो जाएगा।

उसकी लिपि का स्वरूप भी मतभेदों का केन्द्र बना हुआ है। सुदूर अतीत की ब्राह्मी से नागरी लिपि तक आते–आते उसके बाह्य रूप को समय के प्रवाह ने इतना माँजा और खरादा कि उसे किसी बड़ी शल्य चिकित्सा की आवश्यकता नहीं है। नाम मात्र के परिवर्तन से ही वह आधुनिक युग के मुद्रण लेखन यंत्रों के साथ अपनी संगति बैठा लेगी, परन्तु तत्संबंधी विवादों ने उसका पथ प्रशस्त न करके उसके नैसर्गिक सौष्ठव को ही कुंठित कर दिया है। यदि चीनी जैसी दुरुह चित्रमयी लिपि अपने राष्ट्र जीवन का संदेश वहन करने में समर्थ है तो, हमारी लिपि में बाधाएँ दुर्लंध्य कैसी मानी जा सकतीं हैं ।

प्रश्नों के उत्तर देंः

(i) इस अवतरण का शीर्षक लिखिए।

( ii ) हिन्दी का भविष्य कैसा होना चाहिए?

( iii ) हिन्दी की भारतीय आत्मा को किसने पहचाना था?

( iv ) हिन्दी का कौन सा स्वरूप मतभेदों का केन्द्र बना हुआ है?

( v ) हिन्दी अपनी सहयोगिनी के साथ क्या नहीं कर सकती?

( vi ) समय के प्रवाह का हिन्दी पर क्या प्रभाव पड़ा?

( vii ) 'अतीत' शब्द का विलोम शब्द गद्यांश में से ढूंढ कर लिखें।

( viii ) 'कुण्ठित' शब्द में से मूलशब्द व प्रत्यय पृथक कर लिखें।

( ix ) यदि आज अन्य प्रदेशों से हिन्दी के प्रति अविश्वास मिले तो क्या परिणाम होंगे?

( x ) सम्पूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बाँधे रखने का गौरव किस भाषा को प्राप्त है?

**खण्ड–ग' पाठ्य पुस्तकों पर आधारित**

18. निम्न प्रश्नों के उत्तर दें– (2+2, 1+1, 1+1= 8)

(क) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

⟶ कथनः हालदार जीप में बैठकर क्यों चले गए?

⟶ कारणः (i) पानवाला कैप्टन के विषय में और अधिक बात करने को तैयार नहीं था।

(ii) कैप्टन की शारीरिक अवस्था को देखकर निराश हो गए थे।

(iii) उन्हें आवश्यक कार्यालयी काम निपटाना था।

(iv) ड्रायवर बेचैन हो रहा था।

(A) (i) और (iii) दोनों

(B) (ii) और (iv) दोनों

(C) (i) और (iv) दोनों

(D) केवल (i)

⟶ कथनः नवाब साहब ने सेकंड क्लास का डिब्बा इसलिए चुना ताकि वह एकान्त में यात्रा कर सकें।

⟶ कारणः नवाब साहब को बिना किसी घटना, विचार और पात्रों के नई कहानी लिखने वाले लेखकों पर व्यंग्य करना था।

( A ) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

( B ) कथन और कारण दोनों सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

( C ) कथन सत्य है और कारण असत्य है।

( D ) कथन असत्य है किन्तु कारण सत्य है।

(ख) खाली स्थान भरेंः–

(i) नौबतखाने में इबादत पाठ ......................... द्वारा लिखा गया है।

(ii) लेखिका मन्नू भण्डारी के व्यक्तित्व को उभारने में प्राध्यापिका ..................का सबसे महत्वपूर्ण योगदान था।

(ग) स्तम्भ 'क' के कथन का स्तम्भ 'ख' के परिणाम से मिलान करो–

| (क) ⟶ कथन | (ख) ⟶ परिणाम |
| --- | --- |
| (i) भगत का खेत में धान की रोपनी करना। | (A) ईश्वर की संपत्ति समझकर समर्पण करना |
| (ii) भगत का साधु कहलाना | (B) कबीर के आर्दर्शो का पालन करना और खरा व्यवहार रखना |
| (iii) भगत की फसल का कबीर मठ जाना | (C) आत्मा का परमात्मा से मिलन पर आनंद मनाना। |
| (iv) भगत का बेटे की मृत्यु पर रोने की बजाय गाना | (D) बच्चे झूमने लगते ओर औरतों के होंठ कांपने लगते |
| | (E) विधवा विवाह का समर्थन और रूढ़ियों का विरोध। |

| (क) | (ख) |
|---|---|
| ⟶ कथन | ⟶ परिणाम |
| (i) न्यूटन | (A) संस्कृति का एक प्रमुख गुण तत्व |
| (i) आग की खोज | (B)एक संक्कृतन मानव |
| (i) त्याग | (C)एक असभ्य व्यक्ति |
| (i) आत्मविनाश के साधनों का आविष्कारक | (D)एक बहुत बड़ी क्रान्तिकारी खोज |
| | (E) मनुष्य के बाहरी विकास, रहन कहन और भौतिक प्रगति का सूचक |

19. दिए गए पठित पद्यांश (काव्यांश) पर आधारित पूछे गए प्रश्नो में से किन्हीं चार प्रश्नो के उत्तर लिखें– (4X 2 = 8)

तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि धूसर तुम्हारे ये गात....
छोड़कर तालाब मेरी झोंपडी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघल कर जल बन गया होगा कठिन पाषाण।

(क) कविता व कवि का नाम लिखें।
(ख) शिशु की मुस्कान देखकर कवि को कैसा अनुभव होता है?
(ग) ''छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात'' पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?
(घ) 'दन्तुरित मुस्कान' से कवि का क्या आशय है?
(ङ) ''धूलि धूसर तुम्हारे ये गात'' पंक्ति में कौन सा अलंकार हैं? कारण भी लिखें।

20. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्हीं तीन प्रश्नो के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में लिखें। ( 3 X 3 = 9 )
(क) गोपियों ने उद्धव की योग साधना को कैसी व्याधि (रोग) कहा है और क्यों?
(ख) 'संगतकार' अपनी आवाज को मुख्य गायक के स्वर से नीचा रखता है। क्या यह उसकी कमजोरी है? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।
(ग) 'नरकट' क्या है? यह कहाँ पाई जाती है और इसका उपयोग किस में किया जाता है? 'नौबत खाने में इबादत' पाठ के आधार पर लिखिए।
(घ) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखें कि भगत जी 'साधु' की परिभाषा पर खरे क्यों उतरते थे?

21. पाठ्यपुस्तक 'कृतिका' के पाठों पर आधारित प्रश्नो में से किन्हीं दो प्रश्नो के उत्तर लिखें। ( 3X2 = 6 )
(क) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है?
(ख) भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखें।
(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर बताइए कि 'अनुभव' और 'अनुभूति' में क्या अन्तर है? लेखक ने हिरोशिमा यात्रा के संदर्भ में इसे कैसे स्पष्ट किया है?

**खण्ड–घ' व्यावहारिक व रचनात्मक अभिव्यक्ति**

22. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपने शब्दों में लिखेंः– ( 5 )
आपके विद्यालय में 22 अप्रैल के दिन विश्व 'पृथ्वी दिवस' मनाया गया। इस गतिविधि का एक प्रतिवेदन लगभग 50 शब्दों में लिखें।

(अथवा)

प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली हानियों के बारे में दो पड़ोसियों के मध्य हुई बात चीत को संवाद रूप में लिखे।

(अथवा)

अपने विद्यालय के हिन्दी अध्यापक / अध्यापिका को उनके जन्मदिन पर एक शुभकामना संदेश लगभग 30–40 शब्दों में लिखें।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें – ( 5 )

आप एक जागरूक विद्यार्थी 'रोहित' हैं। आपके मोहल्ले में साफ–सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है। इस समस्या के समाधान के लिए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्याधिकारी महोदय को एक शिकायत पत्र लिखिए।

(अथवा)

वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र/सखी को एक बधाई पत्र लिखें।

24. केस स्टडी आधारित निम्नलिखित दो में से किसी एक परिदृश्य/परिस्थिति को ध्यान पूर्वक समझ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : ( 1+1+1+1+1 = 5)

→ परिदृश्य (Case)

कक्षा में हिन्दी शिक्षक ने छात्रों को एक रचनात्मक कार्य दिया। छात्रों द्वारा सुन्दर कविताएं लिखी गई। शिक्षक ने सभी छात्रों की प्रशन्सा की और उन्हें पुरस्कार स्वरूप कलम दी।

1. छात्रों द्वारा सुन्दर कविताएँ लिखी गईं। – इस वाक्य में वाच्य पहचानिए और इसे कर्तृवाच्य में बदलिए।
2. शिक्षक ने सभी छात्रों की प्रशन्सा की। – इस वाक्य में प्रयुक्त वाच्य का नाम लिखें।
3. 'कलम' शब्द का लिंग निर्णय कीजिए और बहुवचन रूप लिखिए।
4. 'शिक्षक' शब्द का स्त्रीलिंग शिक्षिका है, तो प्रशंसा शब्द का विलोम शब्द क्या होगा? लिखें।
5. 'छात्रों' शब्द का पद परिचय लिखें।

अथवा

→ परिस्थिति (Situation)

"यह मेरी पुरानी किताब है। वह लाल मेज पर रखी है"

1. 'यह' का पद परिचय दीजिए।
2. 'पुस्तक' का पद परिचय दीजिए।
3. 'लाल' शब्द विशेषण के किस प्रकार का शब्द है?
4. यह मेरी किताब है" सर्वनाम के किस भेद का वाक्य है?
5. 'लाल मेज' इन दो शब्दों में से विशेष्य व विशेषण अलग कर लिखें।

25. निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निर्देशित बिन्दुओं के मद्देनजर अपने शब्दों (200–250 शब्दों) में निबंध लिखें: ( 2+2+2+2+2 =10 )

( i ) नई शिक्षा नीति–2020 :– एक सकारात्मक सोच।

- प्रस्तावना
- आवश्यकता क्यों
- प्रमुख विशेषताएँ
- विभागीय जिम्मेदारी व शिक्षकों की भूमिका
- प्रमुख उद्देश्य व निष्कर्ष

( ii ) कृत्रिम बुद्धिमत्ता :– AI

- AI का अर्थ और विकास
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रकार
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रमुख क्षेत्र
- लाभ व चुनौतियाँ
- निष्कर्ष

( iii ) प्रातः काल का भ्रमण : –

- भूमिका
- प्रकृति का सर्वश्रेष्ठ समय
- लाभ
- आवश्यकता क्यों
- उपसंहार

( iv ) राष्ट्रीय एकता :–

- भूमिका
- राष्ट्रीय एकता की अर्थ व्यापकता
- भारतीय संस्कृति और सभ्यता
- अनेकता में एकता
- उपसंहार!

# Format of Design
# Question Paper/Test

**Subject:** **Hindi** **Marks:** **80**

**Class:** **10th** **Time:** **3 Hrs**

## 1. Weightage to Objectives

| Objective | Knowledge of language elements | Comprehension | Expression | Appreciation | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| Percentage of Marks | 30.-35% | 20% | 16% | 25-30% | 100% |
| Marks | 31 | 16 | 13 | 20 | 80 |

## 2. Weightage to Form of Question

| Forms of Questions | E/LA | SA | VSA | O (MCQ) | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| No. of Questions | 03 | 09 | 19 | 16 | 47 |
| Marks allotted | 20 | 23 | 21 | 16 | 80 |
| Estimated time | 50 min | 50 min | 60 min | 20 min | 3 Hrs (180 Min) |

## 3. Weightage to Major Content Areas

| S.No. | Unit/Sub-Units | Marks |
|---|---|---|
| 1 | खण्ड–क (बहुवैकल्पिक) | 16 |
| 2 | खण्ड–ख (अपठित गद्याँश पर प्रश्न) (अतिलघु) | 08 |
| 3 | खण्ड–ग (पाठ्य पुस्तकों से लघु व अतिलघुतरात्मक) | 31 |
| 4 | खण्ड–घ (व्यावहारिक व रचनात्मक अभिव्यक्ति (अतिलघु व निबन्धात्मक प्रश्न) | 25 |
| | **Total** | 80 |

## 6. Estimated Difficulty Level

| Estimated Difficulty Level | % Marks |
|---|---|
| Difficult | 20% |
| Moderate | 50% |
| Easy | 30% |

नोटः– कुल प्रश्न 25, कुल उपभाग–47

## Index of Abbreviations

E/LA: Essay/Long Answer; SA: Short Answer; VSA: Very Short Answer; O: Objective

| SR | UNIT /SUB UNITS | NO. OF QUS. | E/LA | SA | VSA | MCQ | MARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यावहारिक व्याकरण : भाषा प्रकरण से लेकर मुहावरे लोकोक्तियाँ तक (प्रकरणों से) भिन्न भिन्न प्रश्न पूछे जा सकते हैं। | 14 | – | - | (01 प्रश्न) सविकल्प 5 अंक | 13 एक एक अंक के प्रश्न (बहुवैकल्पिक) | 18 |
| 2 | अपठित अवबोधन : अपठित गद्यांश पर आधारित 10 में से 08 प्रश्न करने होंगे | 08 | - | - | (08 प्रश्न) (एक– एक अंक के प्रश्न) | - | 08 |
| 3 | क्षितिज (गद्य व पद्य) पर आधारित :-<br>• पठित गद्य पाठों पर आधारित कथन व कारण संबंधी प्रश्न | 01 | | | 01 प्रश्न (6 उपभाग, प्रत्येक प्रश्न 2+2+1+ 1+1+1= 8) | - | 08 |
| | • पठित काव्यांश पर आधारित पाँच में से चार प्रश्न करने होंगे | 01 | - | (04 प्रश्न) प्रत्येक प्रश्न 2–2 अंक | | | 08 |
| | • पाठों व कविताओं की अभ्यास पर आधारित चार में से तीन प्रश्न करने होंगे। तथा दो प्रश्न बहुवैकल्पिक | 01 | - | (03 प्रश्न) प्रत्येक प्रश्न 3–3 अंक का | - | (02 प्रश्न) एक–एक अंक के प्रश्न (बहु–वैकल्पिक) | 11 |
| 4 | कृतिका पुस्तक के पाठों पर आधारित :- पाठों के गहन अध्ययन व अभ्यास पर आधारित तीन में से दो प्रश्न करने होंगे। तथा एक प्रश्न बहुवैकल्पिक | 01 | - | 03 में से 02 प्रश्न) प्रत्येक प्रश्न 3–3 अंक का | - | (01 प्रश्न) एक अंक का (बहु–वैकल्पिक) | 07 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | **रचनात्मक व्याकरण (अभिव्यक्ति) पर आधारित :-**<br>•संवाद लेखन, सूचना लेखन, प्रतिवेदन लेखन व सन्देश लेखन :– इन प्रकरणों में से (तीन विकल्पों सहित एक प्रश्न) | 01 | (01 प्रश्न) (पाँच–अंक) | - | - | - | 05 |
| | •पत्र लेखन :– औपचारिक व अनौपचारिक पत्र–विकल्प सहित | 01 | (01 प्रश्न) विकल्पों सहित (1+3+1 = 5) अंक | - | - | - | 05 |
| | •निबन्ध लेखन :– निर्देशित बिंदुओं के मद्देनजर निबन्ध लेखन का प्रश्न (विकल्पों सहित) | 01 | (01 प्रश्न) प्रत्येक बिंदु विस्तार 2 अंक (2+2+2+2+2 = 10) | - | - | - | 10 |

पठयक्रम:–व्यावहारिक व्याकरण = 18 अंक
रचनात्मक व्याकरण = 20 अंक
अपठित अवबोधन = 08 अंक
क्षितिज पाठ्य पुस्तक = 27 अंक
कृतिका पूरक पुस्तक = 07 अंक

80 अंक

अन्य पैरामीटर :– संभावित

- बहुवैकल्पिक प्रश्न = 20%
- अति लघु प्रश्न = 20 %
- लघु उत्तरात्मक = 35%
- दीर्घ उत्तरात्मक = 25%

कठिनाई स्तर:–

(E) आसान = 30 प्रतिशत
(M) औसत = 50 प्रतिशत
(D) कठिन = 20 प्रतिशत

# (BLUE – PRINT)

कक्षा–दसवीं

## Weighatage To Objectives

विषय – हिंन्दी

| MARKS | OBJECTIVES | TOTAL QUESTION | KNOWLEDGE BASED | UNDERSTAND | APPLICATION BASED | ANALISIS BASED | CASE STUDY BASED | CREATING |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | बहुवैकल्पिक प्रश्न | 16 | 05 प्रश्न | 05 प्रश्न | 04प्रश्न | - | 01प्रश्न | 01प्रश्न |
| 18 | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न (अतिलघु उत्तरात्मक) | 01 | - | उपभाग 08 प्रश्न | - | - | - | - - |
| 16 | पठित गद्य , पद्य पाठों पर आधारित प्रश्न (क्षितिज पुस्तक पर आधारित अतिलघु व लघु उत्तरात्मक) | 02 | - | पद्यांश पर आधारित04 उपभाग | - | 01 प्रश्न 06 उपभाग गद्य पाठों (पर आधारित) | - | - |
| 09 | क्षितिज पुस्तकपर आधारित लघु उत्तरात्मकप्रश्न | 01 | उपभाग 01 प्रश्न | 01 प्रश्न | 01 प्रश्न | 01 प्रश्न | - | - |
| 06 | कृतिका पूरक पुस्तक के पाठों पर आधारित लघु उत्तरात्मकप्रश्न | 01 | उपभाग 01 प्रश्न | उपभाग 01 प्रश्न | - | उपभाग01 प्रश्न | - | - |
| 05 | रचनात्मक व व्यावहारिक अभिव्यक्ति (सूचना, संवाद, प्रतिवेदन, संदेश) | 01 (विकल्पों सहित) | ये सभी दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न PARAKH/Blooms texomomyके आधार परसमझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण, सृजन व मूल्यांकन इन सभीमानकों(मापदंडों) पर आधारित है। | | | | | |
| 05 | पत्र लेखन औपचारिक या अनौपचारिक(विकल्प सहित) | 01 (उपभाग 05) | | | | | | |
| 05 | व्याकरण पर आधारित प्रश्न विकल्प सहित | 01 | केस स्टडी आधारित है। | | | | | |
| 10 | निबन्ध लेखन (विकल्प सहित) | 01 | निबन्ध लेखन : योग्यता के सभी स्तरों पर आधारित होते है। | | | | | |